गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

दिनांकः 23.09.2013

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

छात्र–छात्राओं की समस्याओं के निराकरण की कोशिश करेगा छात्र परिषद

छात्र परिषद के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने ली शपथ

बिलासपुर। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय छात्र परिषद : 2013 के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अंकित सिंह, उपाध्यक्ष सपना पाण्डेय, सचिव शैली पाल एवं उपसचिव वसीम अकरम सहित सभी सदस्यों ने आज दिनांक 23.09.2013 को अपराह्न 04 बजे रजत जयंती सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पद एवं दायित्व की शपथ ली। पदाधिकारियों एवं सदस्यों को कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी ने शपथ दिलायी।

इस अवसर पर छात्र परिषद के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने अपने सम्बोधन में कहा कि छात्र परिषद छात्रों की जायज मांगों एवं उनकी वाजिब समस्याओं को विश्वविद्यालय के संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों तक पहुंचायेगा और उनके समाधान का प्रयास करेगा।

छात्र परिषद के संरक्षक कुलपति डॉ. लक्ष्मण चतुर्वेदी ने छात्र परिषद 2013 के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन उनके लिए स्वर्णिम दिन है। आपके मन में भावनाएं और उम्मीदें हिलोरें ले रही होंगी। उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राओं की समस्याओं को दूर करना मेरी पहली प्राथमिकता है। हमें समस्याओं के साथ–साथ उसके समाधान के लिए भी सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह छात्र परिषद की कुलपति के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। कुलपति ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि हमें सतत् विकास की ओर अग्रसर होना है। उन्होंने कहा कि परिसर में एन.एस.एस. की छह इकाईयां स्थापित है। एनसीसी की इकाई के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के पांचवे स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 12.01.2014 से 19.01.2014 तक एनुअल डे–कम–कन्वोकेशन वीक मनाया जाएगा।

छात्र परिषद के अध्यक्ष अंकित सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय को ऊपर उठाने एवं वैश्विक मानक स्थापित करने तथा छात्रों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि छात्र–छात्राएं सिर्फ शिकायतें न करें, बल्कि समस्याओं के समाधान भी सुझाएं।

छात्र परिषद की उपाध्यक्ष सपना पाण्डेय ने कहा कि वे छात्र–छात्राओं की समस्याओं के निराकरण करने की कोशिश करेंगी। साथ ही विश्वविद्यालय के विकास में अपना भरपूर योगदान देंगी। छात्र परिषद की सचिव शैली पाल ने कहा कि वे अपने सभी कर्तव्यों एवं दायित्वों का निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगी। छात्र परिषद के उपसचिव वसीम अकरम ने कहा कि वे खेलकूद से संबंधित सुविधाओं का विस्तार करने पर जोर देंगे एवं उनके प्रशिक्षण के साथ–साथ विश्वविद्यालय की टीम को अन्तर–विश्वविद्यालय खेल गतिविधियों में हिस्सेदारी को सुनिश्चित करेंगे।

आरंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा एवं गुरु घासीदास जी के चित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तरंग बैण्ड के सदस्यों ने सरस्वती वंदना एवं कुलगीत की प्रस्तुति दी। मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. एल.पी.पटेरिया ने स्वागत भाषण दिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमित खासकलम एवं धन्यवाद ज्ञापन छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एस.वी.एस. चौहान ने किया। इस अवसर पर विगत छात्र परिषद के सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर सम–कुलपति प्रो. एमएसके खोखर, कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. आई.डी. तिवारी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एस.व्ही.एस. चौहान, मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. एलपी पटैरिया सहित समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं छात्रगण मौजूद थे।

मीडिया प्रभारी

प्रति,
सम्पादक,
–––––बिलासपुर (छत्तीसगढ़)।